कॉलेजों में कुलपति का छापा, कई कक्षाओं में नहीं मिले छात्र

रुड़की, कार्यालय संवाददाता। वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने रुड़की क्षेत्र के रुड़की कॉलेज ऑफ फार्मेसी (आरसीपी), रुड़की कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट (आरसीएम), इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी रुड़की (आईटीआर) का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान इन कॉलेज के अलग-अलग विषयों के कक्षाओं में एक भी छात्र नहीं मिले। जिसके बाद कुलपति ने इनको नोटिस जारी किया है।

कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने बताया कि इन तीनों कॉलेजों में बी फार्मा, एम फार्मा, एमबीए, बीटेक आदि पाठ्यक्रम संचालित होते हैं। निरीक्षण के दौरान इन तीनों संस्थानों में बी फार्मा, बी टेक, एमबीए पाठ्यक्रम की कक्षाओं का निरीक्षण किया गया तो इस दौरान कक्षाओं में एक भी छात्र उपस्थित नहीं पाए गए। कुलपति ने जब मैन्युअल उपस्थिति रजिस्टर का निरीक्षण किया तो रजिस्टर में फरवरी 2024 के बाद किसी भी छात्र की उपस्थिति का रिकॉर्ड अंकित नहीं पाया गया।

फर्जीवाड़ाः पोर्टल पर दर्ज कर दी छात्रों की उपस्थिति

कुलपति प्रो . ओंकार सिंह ने बताया कि इन संस्थानों ने फर्जी तरीके से छात्र-छात्राओं की उपस्थिति विश्व विद्यालय के ऑनलाइन यूनिवर्सिटी मैनेजमेंट सिस्टम पोर्टल पर दर्ज करा दी गई। जिनका मैनुअल उपस्थिति पंजिकाओं में फरवरी 2024 के बाद कक्षाओं में उपस्थिति का रिकॉर्ड अंकित नहीं है।

कुलपति ने मांगा लिखित जवाब :कुलपति ने तीनों संस्थानों की शैक्षणिक व्यवस्था की खामियों को देखकर नाराजगी जताई। छात्रों की उपस्थिति नहीं होने के संबंध में उन्होंने लिखित नोट मांगा। साथ ही चेतावनी दी कि 15 मई 2024 तक कक्षाएं संचालित करने की अंतिम तिथि निर्धारित होने के दृष्टिगत सभी संस्थानों को कक्षाएं संचालित करना अनिवार्य है।